"अगर आप सोचते हैं"

आकाश कुमार
रूड़की

अगर आप सोचते हैं कि आप हार गए हैं
तो आप हारे हैं।
अगर आप सोचते हैं कि आप में हौसला नहीं है
तो सचमुच नहीं है।
अगर आप जीतना चाहते हैं
मगर सोचते हैं कि आप जीत नहीं सकते

तो निश्चित है कि आप जीत नहीं सकते
अगर आप सोचते हैं कि हार जाएंगे
तो आप हार चुके हैं।
क्योंकि हम दुनिया में देखते हैं कि
सफलता की शुरूआत इंसान की इच्छा से होती है
ये सब कुछ हमारी सोच पर निर्भर करता है।

अगर आप सोचते हैं कि पिछड़ गए हैं
तो आप पिछड़ गए हैं।
तरक्की करने के लिए आपको अपनी सोच
ऊंची करनी होगी।
कोई भी सफलता प्राप्त करने से पहले
आपको अपने प्रति विश्वास लाना होगा।

जीवन की लड़ाइयां हमेशा
सिर्फ तेज और मजबूत लोग ही नहीं जीतते
बल्कि आज जीतता वही आदमी है
जिसे यकीन है कि वह जीतेगा।